समाचार

कलेक्टर, एस.पी.पहुंचे सतनाम भवन, लिया तैयारियों का जायजा, चुस्त–दुरूस्त व्यवस्था हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कोरबा 16 दिसम्बर 2024 –गुरू घांसीदास जयंती के अवसर पर कोरबा प्रवास पर आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आगमन के मद्देनजर सतनाम भवन प्रांगण में चल रही कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ सतनाम भवन पहुंचकर जायजा लिया। उन्होने चुस्त–दुरूस्त व्यवस्था किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि 18 दिसम्बर 2024 को गुरू घांसीदास जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का कोरबा प्रवास हो रहा है। टी.पी.नगर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम के सामने स्थित सतनाम भवन प्रांगण में कार्यक्रम की तैयारियॉ की जा रही है। आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ सतनाम भवन पहुंचकर की जा रही तैयारियों का जायजा

लिया। इस मौके पर उन्होने मंच व्यवस्था, समाज के लोगों व अन्य नागरिकों की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, साफ–सफाई, कार्यक्रम संचालन, हेलीपेड व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए चुस्त–दुरूस्त व त्रुटिरहित व्यवस्था बनाए जाने व जल्द से जल्द तैयारियों को अंतिम रूप दिए जाने के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान, एसडीएम सरोज महिलांगे, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, ई.पी.डब्ल्यू.डी. श्री जांगड़े, निगम के जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, पी.डब्ल्यू.डी. एस.डी.ओ. रामनरेश दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, सुनील टांडे, सोमनाथ डेहरे, सतनामी समाज के अध्यक्ष यू. आर.महिलांगे, नारायणलाल कुर्रे, अधिवक्ता आर.डी.भारद्वाज, सरजू अजय, जे.के.लहरे, के.आर.डहरिया, लक्ष्य चतुर्वेदी, अनिकेत पाटले, सतेन्द्र डहरिया आदि के साथ समाज के अन्य लोग व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।